# 27. महासागरीय नितल

1. समस्त पृथ्वी के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है ?
(a) 29% (b) 71% (c) 75% (d) 79%

2. उत्तरी गोलार्द्ध में जलमण्डल का विस्तार का प्रतिशत कितना है ?
(a) 60% (b) 63% (c) 60.7% (d) 80.9%

3. दक्षिणी गोलार्द्ध में जलमण्डल का विस्तार का प्रतिशत कितना है ?
(a) 60% (b) 63%
(c) 80.9% (d) 82.8%

4. महाद्वीपों से महासागरों की ओर जाने पर महासागरीय नितलों का कौन-सा क्रम सही है ?
(a) महाद्वीपीय मग्न तट, गहरे सागरीय मैदान, महाद्वीपीय मग्न ढाल, महासागरीय गर्त
(b) गहरे सागरीय मैदान, महासागरीय गर्त, महाद्वीपीय मग्न तट, महाद्वीपीय मग्न ढाल
(c) महाद्वीपीय मग्न ढाल, महाद्वीपीय मग्न तट, गहरे सागरीय मैदान, महासागरीय गर्त
(d) महाद्वीपीय मग्न तट, महाद्वीपीय मग्न ढाल, गहरे सागरीय मैदान, महासागरीय गर्त

5. सागर की ओर तीव्र ढाल वाला भाग क्या कहलाता है—
(a) महासागरीय गर्त (b) गहन सागरीय ढाल
(c) महाद्वीपीय मग्न तट (d) महाद्वीपीय मग्न ढाल

6. महाद्वीपीय मग्न तट तथा गहरे सागरीय मैदान के मध्य स्थित होता है—
(a) महाद्वीपीय मग्न ढाल (b) महासागरीय गर्त
(c) महाद्वीपीय मग्न तट (d) इनमें से कोई नहीं

7. घटते क्षेत्रफल के आधार पर निम्नलिखित का सही अवरोही क्रम क्या होगा ?
I. गहन सागरीय मैदान II. महाद्वीपीय मग्न ढाल
III. महासागरीय गर्त IV. महाद्वीपीय मग्न तट
कूट :
(a) I, II, III, IV (b) I, IV, II, III
(c) I, II, IV, III (d) I, IV, III, II

8. सम्पूर्ण महासागरीय क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर महाद्वीपीय मग्न तट का विस्तार है ?
(a) 6·5% (b) 7·5% (c) 8·5% (d) 9·5%

9. महाद्वीपीय मग्न तट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) यह संरचना की दृष्टि से महाद्वीप का अंग है।
(b) इसकी औसत गहराई लगभग 200 मीटर है।
(c) इसका सर्वाधिक विस्तार प्रशान्त महासागर में है।
(d) इसकी औसत ढाल लगभग 1° है।

10. महाद्वीपीय मग्न तट का सर्वाधिक विस्तार किस महासागर में पाया जाता है ?
(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

11. अधिकांश मछलियाँ एवं अन्य समुद्री आहार मुख्यत: प्राप्त किये जाते हैं—
(a) महाद्वीपीय मग्न तट से (b) महाद्वीपीय मग्न ढाल से
(c) महाद्वीपीय उभार से (d) गहन सागरीय मैदान से

12. विश्व का सर्वाधिक चौड़ा महाद्वीपीय मग्न तट किस महासागर में स्थित है ?
(a) प्रशान्त महासागर (b) आर्कटिक महासागर
(c) अटलांटिक महासागर (d) हिन्द महासागर

13. भूमि का वह डूबा हुआ भाग जो महाद्वीप से जुड़ा होता है और 600 फीट से अधिक गहरा नहीं होता है, उसे कहते हैं—
(a) महाद्वीपीय मग्न तट (b) महाद्वीपीय मग्न ढाल
(c) महाद्वीपीय द्वीप (d) मूंगा द्वीप

14. तट के किनारे जिन क्षेत्रों में पर्वत पाये जाते हैं, वहाँ महाद्वीपीय मग्न तट है—
(a) काफी चौड़ा (b) संकरा (c) कटा-छटा (d) उथला

15. विश्व के कुल खनिज तेल तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन का कितना प्रतिशत भाग महाद्वीपीय मग्न तट से प्राप्त होता है ?
(a) 10% (b) 20% (c) 25% (d) 40%

16. महाद्वीपीय मग्न ढाल के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) यह महाद्वीपीय मग्न तट तथा महासागरीय गम्भीर मैदान के बीच स्थित होता है।

(b) इसकी गहराई 200 मीटर से 2000 मीटर तथा औसत ढाल 2° से 5° होती है।
(c) इसे महाद्वीपों की अन्तिम सीमा कहा जाता है।
(d) इनमें से कोई नहीं

17. सम्पूर्ण महासागरीय क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर महाद्वीपीय मग्न ढाल का विस्तार पाया जाता है?
(a) 5·5% (b) 6·5% (c) 7·5% (d) 8·5%

18. सम्पूर्ण महासागरीय क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर गम्भीर सागरीय मैदान का विस्तार पाया जाता है?
(a) 71% (b) 76% (c) 80% (d) 82%

19. गम्भीर सागरीय मैदान का सर्वाधिक विस्तार किस महासागर में पाया जाता है?
(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

20. गम्भीर सागरीय मैदान के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) इसके अन्तर्गत सम्पूर्ण महासागरीय क्षेत्रफल का लगभग तीन चौथाई भाग आता है।
(b) इसकी गहराई 3000 से 6000 मीटर होती है।
(c) इसका सर्वाधिक विस्तार 20° उत्तरी अक्षांश से 60° दक्षिणी अक्षांश के बीच पाया जाता है।
(d) उपर्युक्त सभी

21. महासागरीय गर्तों की सर्वाधिक संख्या किस महासागर में है?
(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

22. संसार के समस्त महासागरों में अब तक कितने महासागरीय गर्तों का पता चला है?
(a) 19 (b) 32 (c) 51 (d) 57

23. महासागरीय गर्तों की सामान्यतः गहराई कितना मीटर होती है?
(a) 5,000 (b) 5,500 (c) 7,000 (d) 10,000

24. विश्व का सबसे गहरा महासागरीय गर्त है—
(a) टोंगा (b) मेरियाना (c) फिलीपाइन (d) करमाडेक
*[MPPSC 2010]*

25. महासागर में सबसे अधिक गहराई प्रशान्त महासागर के मेरियाना गर्त की है जो है—
(a) समुद्रतल से 9,200 मी० नीचे (b) समुद्रतल से 10,500 मी० नीचे
(c) समुद्रतल से 11,033 मी० नीचे (d) समुद्रतल से 11,500 मी० नीचे

26. निम्नलिखित में से कौन-सा महासागरीय गर्त प्रशान्त महासागर में स्थित नहीं है?
(a) मेरियाना (b) मिण्डनाओ (c) टोंगा (d) प्यूर्टोरिको

27. विश्व का सबसे गहरा गर्त चैलेन्जर गर्त स्थित है—
(a) फिजी के निकट (b) गुआम द्वीपमाला के निकट
(c) जापान के पूर्वी तट पर (d) फिलीपींस के पूर्वी तट पर

28. सपाट शीर्ष वाले समुद्री पर्वतों को किस नाम से जाना जाता है?
(a) मोनेडनॉक (b) गुयॉट (c) इन्सेलबर्ग (d) ग्यूजेन

29. अटलांटिक महासागर में स्थित मध्य अटलांटिक कटक की लम्बाई लगभग है—
(a) 11,000 किमी० (b) 14,000 किमी०
(c) 18,000 किमी० (d) 20,000 किमी०

30. समुद्री पहाड़ियों की नितल से न्यूनतम ऊँचाई कितनी होती है?
(a) 500 m (b) 1,000 m (c) 1,500 m (d) 2,000 m

31. सबसे अधिक नितल पहाड़ियाँ (Abyssal Hills) किस महासागर में हैं?
(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

32. प्रशान्त महासागर में नितल पहाड़ियों की संख्या लगभग कितनी है?
(a) 5,000 (b) 7,000 (c) 10,000 (d) 15,000

33. विश्व में जलमग्न केनियन की संख्या कितनी है?
(a) 57 (b) 75 (c) 102 (d) 120

34. जलमग्न केनियन सर्वाधिक संख्या में किस महासागर में हैं?
(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

35. विश्व के सबसे लम्बे जलमग्न केनियन पाये जाते हैं—
(a) भूमध्य सागर में (b) बेरिंग सागर में
(c) दक्षिण चीन सागर में (d) जापान सागर में

36. डॉल्फिन चैलेन्जर कटक स्थित है—
(a) अटलांटिक महासागर में (b) प्रशान्त महासागर में
(c) हिन्द महासागर में (d) आर्कटिक महासागर में

37. सुण्डा गर्त स्थित है—
(a) सुमात्रा के दक्षिण (b) सुमात्रा के उत्तर
(c) चागोस द्वीप के उत्तर (d) चागोस द्वीप के दक्षिण

## उत्तरमाला

1. (b) 2. (c) 3. (c) 4. (d) 5. (d) 6. (a) 7. (c) 8. (b) 9. (c) 10. (b) 11. (a) 12. (b) 13. (a)
14. (b) 15. (b) 16. (d) 17. (b) 18. (b) 19. (a) 20. (d) 21. (a) 22. (d) 23. (b) 24. (b) 25. (c) 26. (d)
27. (b) 28. (b) 29. (b) 30. (b) 31. (a) 32. (c) 33. (c) 34. (a) 35. (b) 36. (a) 37. (a)